**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 34.7° | ↓ 22.4° |
| इंदौर | ↑ 35.4° | ↓ 21.6° |
| ग्वालियर | ↑ 34.4° | ↓ 25.2° |
| जबलपुर | ↑ 32.8° | ↓ 21.8° |

सूर्योदय- 5.35 सूर्यास्त-7.09

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

पहले खिताब के लिए .... 7


वर्ष- 76 ( भोपाल: वर्ष 37 अंक 204, पृष्ठ 8 ) बुधवार 22 जून 2022 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 wwwÐnaiduniaonlineÐ.com


महाराष्ट्र में उद्धव सरकार पर संकट के बादल

# शिंदे की बगावत के बाद ठाकरे की बैठक में पहुंचे सिर्फ 20 विधायक

मुंबई (एजेंसी)।

**एकनाथ शिंदे की बगावत और करीब दो दर्जन विधायकों के सूरत में डेरा जमाने के चलते शिवसेना और महाराष्ट्र सरकार बड़े संकट में आ गई है। उद्धव ठाकरे ने इस मसले पर बात करने के लिए आज दोपहर मीटिंग बुलाई थी, लेकिन इसमें करीब 20 विधायक ही शामिल हुए। ऐसे में उद्धव ठाकरे सरकार को लेकर चिंता बढ़ गई है।**

वहीं, शिवसेना की ओर से मिलिंद नार्वेकर और रवि पाठक ने सूरत में शिंदे से मुलाकात की थी लेकिन, शिंदे ने अपना रुख साफ किया और कहा कि बिना भाजपा के साथ के वो पार्टी में वापसी नहीं करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नार्वेकर ने शिंदे और सीएम उद्धव की फोन पर बात कराई। जिसमें शिंदे ने शर्त रखी कि अगर वो भाजपा के साथ गठबंधन कर लेते हैं तो वे उनके साथ आ जाएंगे। शिंदे ने यह भी दावा किया कि सूरत में उनके साथ शिवसेना के 30 और दो निर्दलीय विधायक भी मौजूद हैं। शिवसेना के कुल 55 विधायक हैं और यदि पार्टी से 27 अलग हो जाते हैं तो फिर उन पर दल-बदल का कानून लागू नहीं होगा। ऐसे में उद्धव ठाकरे की मीटिंग से 35 विधायकों का दूर रहना बड़े संकेत दे रहा है। सीएम उद्धव ठाकरे के आवास पर शिवसेना विधायकों की बैठक हुई। बैठक खत्म होने के बाद सभी शिवसेना विधायकों को वर्ली के एक होटल में शिफ्ट किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, शिवसेना को डर है कि भाजपा और शिंदे शिवसेना के बाकी विधायकों के साथ संपर्क साध सकते हैं। हालांकि शिवसेना अब डैमेज कंट्रोल में जुटी है। एक तरफ एकनाथ शिंदे को उसने विधायक दल के नेता के पद से हटाकर अजय

चौधरी को यह कमान सौंपी है। वहीं कुछ देर में शक्ति प्रदर्शन की भी बात कही है। महाराष्ट्र में व ठाकरे सरकार पर संकट के बीच कांग्रेस ने दावा किया है कि पार्टी की विधायकों की बैठक में 44 में से 42 विधायक उपस्थित हुए। बाकी दो से संपर्क किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि एमएलसी चुनाव में क्रॉस वोटिंग और शिंदे के बगावती तेवरों के बाद कांग्रेस को भी पार्टी विधायकों में फूट का डर था इस बीच भाजपा के दावे ने भी शिवसेना और अघाड़ी सरकार की चिंताओं में इजाफा कर दिया है। मीडिया से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने कहा, %हमारे एकनाथ शिंदे 35 विधायकों के साथ गए हैं। इसका मतलब यह हुआ कि तकनीकी तौर पर उद्धव ठाकरे सरकार अल्पमत में आ गई है। हालांकि व्यवहारिक तौर पर सरकार के अल्पमत में आने में अभी कुछ वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि हमें एमएलसी चुनाव और राज्यसभी इलेक्शन में अच्छा समर्थन मिला है। कई निर्दलीय विधायकों और छोटे दलों के नेताओं ने हमें वोट दिया। हालांकि इस दौरान चंद्रकांत पाटिल ने यह भी संकेत कर दिया कि भाजपा इस बार उतावली नहीं दिखना ( शेष पेज 2 पर )

### सत्ता के लिए हिंदुत्व से गद्दारी नहीं की: शिंदे

*सूरत ( एजेंसी )। कई विधायकों को लेकर सूरत पहुंचे एकनाथ शिंदे के खिलाफ उद्धव ठाकरे ने कड़ा ऐक्शन लिया है। उन्हें शिवसेना के विधायक दल के नेता के पद से हटा दिया गया है। इस ऐक्शन के तुरंत बाद एकनाथ शिंदे ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है और उद्धव ठाकरे पर सत्ता के लिए हिंदुत्व से धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। एकनाथ शिंदे ने ट्वीट किया- हम बालासाहेब ठाकरे के कट्टर शिवसैनिक हैं। बालासाहेब ने हमें हिंदुत्व की सीख दी थी। हमने कभी इससे धोखा नहीं किया गया था और न ही कभी हिंदुत्व से गद्दारी करेंगे। हम बालासाहेब ठाकरे की सिखाई हुई बातों के साथ हैं एकनाथ शिंदे के ट्वीट से साफ है कि वह भाजपा के साथ जाने की तैयारी में हैं। उद्धव ठाकरे को बालासाहेब की हिंदुत्व की सीख याद दिलाते हुए एकनाथ शिंदे ने साफ कर दिया है कि शिवसेना की गठबंधन सरकार से संतुष्ट नहीं थे। बता दें कि शिवसेना ने एकनाथ शिंदे पर कड़ा ऐक्शन लेते हुए उन्हें पार्टी के विधायक दल के नेता के पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर सेवरी के विधायक अजय चौधरी को पार्टी हाईकमान ने यह जिम्मेदारी दी है। एकनाथ शिंदे को बालासाहेब ठाकरे के भरोसेमंद नेताओं में से एक माना जाता था। ऐसे में बालासाहेब ठाकरे की ही सीख का हवाला देते हुए उन्होंने उद्धव ठाकरे पर हमला बोला है। शिवसेना और एकनाथ शिंदे के करीबी सूत्र भी बताते हैं कि वह पार्टी में किनारे लगाए जाने से नाराज थे। दरअसल वह एनसीपी को गठबंधन में ज्यादा महत्व मिलने से नाराज थे। एक* ( शेष पेज 2 पर )

# एनडीए से द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष से यशवंत सिन्हा होंगे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए की तरफ से उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। वहीं,राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व टीएमसी नेता यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लग गई है।**

भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले राष्ट्रपति उम्मीदवार के नाम पर मंथन के लिए पार्टी मुख्यालय में बीजेपी की संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित संसदीय बोर्ड के अन्य सदस्य बैठक में मौजूद रहे। बैठक के बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज की संसदीय बोर्ड की बैठक में हम सभी लोग इस मत पर आए कि बीजेपी और एनडीए अपने सभी घटक दलों के साथ बातचीत करते हुए हम राष्ट्रपति के लिए अपना प्रत्यासी घोषित करें। एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में द्रौपदी मुर्मू को घोषित किया गया है। जानकारी के मुताबिक केंद्र में एनडीए के घटक दल बीजू जनता दल ने भी द्रौपदी मुर्मू के नाम पर सहमति जताई है। अगर मुर्मू चुनाव जीतती हैं तो वह देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पहली बार एक महिला आदिवासी को प्राथमिकता दी जा रही है। द्रौपदी मुर्मू एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी। उन्होंने कहा कि बैठक में लगभग 20 नाम पर चर्चा ( शेष पेज 2 पर )

### सिन्हा के नाम पर विपक्ष की लगी मुहर

*एनसीपी नेता शरद पवार कि अध्यक्षता में विपक्षी दलों की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। इस बैठक में यशवंत सिन्हा भी मौजूद थे। इससे पहले विपक्ष ने जिन तीन नामों को आगे किया था उन्होंने उम्मीदवार बनने से इनकार कर दिया था। इनमें शरद पावर, फारूक अब्दुल्ला और गोपालकृष्ण गांधी का नाम शामिल था। यशवंत सिन्हा ने पहले ही पार्टी से इस्तीफे की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि समय आ गया है कि अब वह एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए पार्टी से हटकर विपक्षी एकता के लिए काम करें। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम सभी विपक्षी दलों ने मिलकर फैसला किया है कि राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे। रमेश ने कहा कि यशवंत सिन्हा एक योग्य प्रत्याशी हैं। वह भारत की धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक तानेबाने को मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें दुख है कि मोदी सरकार राष्ट्रपति उम्मीदवार पर एक राय बनाने के लिए गंभीर चर्चा नहीं कर सकी। बता दें कि उनके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की चर्चा तभी से शुरू हो गई थी जब उन्होंने ममता बनर्जी को धन्यवाद देते हुए पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया। आज भाजपा ने भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार तय करने के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। हालांकि अभी कोई नाम सामने नहीं आया है। इससे पहले एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति पद पर एक राय बनाने के लिए राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा को विपक्ष से बातचीत करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि सत्ता और विपक्ष में इस पर एक राय नहीं बन* ( शेष पेज 2 पर )

# अग्निपथ योजना में भर्ती के नियम बदले नहीं गए, अवॉर्ड भी मिलेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**अग्निपथ स्कीम को लेकर चल रहे देशव्यापी विरोध के बीच रक्षा मंत्रालय ने आज फिर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान इसकी भर्ती प्रक्रिया और अन्य चीजों से जुड़े कई कंफ्यूजंस क्लियर किए गए। रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि रिक्रूटमेंट प्रक्रिया में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।**

अग्निवीरों को यह शपथपत्र देना होगा कि वह किसी तरह के प्रदर्शन या आंदोलन में शामिल नहीं रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है। यह पहले भी होता रहा है। इस मौके पर एयरमार्शल एसके झा ने कहा कि एयरफोर्स में अब केवल अग्रिवीर वायु के जरिए ही भर्ती होगी। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि अग्निपथ योजना से तीन चीजें बैलेंस होंगी। पहली, इससे आर्म्ड फोर्सेज में यूथफुल प्रोफाइल जुड़ेंगे। दूसरे टेक्निकल सेवी और हालात को तेजी से अडॉप्ट करने में सक्षम लोग आर्मी से जुड़ेंगे और तीसरी बात इससे अग्निवीर भविष्य के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड डिसाइड करेगा कौन सेलेक्ट होगा। यह प्रक्रिया सेंट्रली होगी। हमको बेस्ट चाहिए क्योंकि देश की रक्षा का सवाल है। अग्निवीर अगर लड़ाई में शामिल होगा तो उसे परमवीर चक्र और ऐसे सम्मान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम युवाओं से कहेंगे कि यह देश की भक्ति का चांस हाथ से न जाने दें। देशभक्ति या फौज में काम करना जज्बा है, नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी अन्य देश में भारत जितनी विविधता नहीं है। हमारे यहां 50 फीसदी युवा 25 साल से कम आयु के हैं। हमें इनमें से अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना चाहिए। इस दौरान वायुसेना की तरफ से कहा गया कि मिनिस्ट्री ऑफ शिपिंग और डीजी शिपिंग के साथ कई महीनों से बात चल रही थी। इसके तहत ऑर्डर जारी किया गया है, जो केवल अग्निवीरों के लिए है। इसके तहत अग्निवीर मर्चेंट नेवी में जा सकते हैं। इसके अलावा एक अन्य आदेश जारी किया गया है। इसके तहत भारतीय नौसेना और डीजी शिपिंग साथ काम करेंगे। अब अग्निवीर ही नहीं, अन्य नौसैनिक और सेलर्स भी मर्चेंट नेवी में जा सकेंगे। उन्होंने कहाकि अग्निवीरों को ऐसी ट्रेनिंग कराएंगे कि वो पूरी तरह से फ्यूचर रेडी हो जाएंगे। उसे समुद्र में ट्रेनिंग दी जाएगी। आगे चलकर वह पूरी तरह से सक्षम होगा।

### प्रधानमंत्री से मिले तीनों सेना प्रमुख, भर्ती पर हुई चर्चा

अग्निपथ योजना की लॉन्चिंग के बाद से ही देशभर में विरोध प्रदर्शन होने लगे। दूसरी तरफ सरकार ने भर्ती के लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया। अग्निपथ के बारे में स्थिति की जानकारी देने के लिए तीनों सेना प्रमुखों ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बैठक में आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडेय, नेवी चीफ ऐडमिरल आर हरि कुमार और एयर चीप मार्शल वीआर चौधरी मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय ने दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अग्निपथ योजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में बताया था। इससे पहले रविवार को भी रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। 14 जून को अग्निपथ योजना लॉन्च की गई थी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। एक दिन पहले ही बेंगलुरु में पीएम मोदी ने कहा था कि शुरू में कोई नया फैसला बुरा लग सकता है लेकिन ये कदम देश को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी ने अग्निपथ योजना या फिर किसी भी विरोध प्रदर्शन का जिक्र नहीं किया था।

### सीआरपीएफ टीम पर नक्सली हमला, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़-उड़ीसा बॉर्डर पर सीआरपीएफ टीम के ऊपर बड़ा नक्सली हमला हुआ है। इस हमले में तीन जवान शहीद हो गए हैं। बताया जाता है कि हमला सीआरपीएफ-19 बटालियन की आरओपी पार्टी पर किया गया है। हमले में कई जवानों के घायल होने की भी खबर सामने आ रही है। बताया जाता है कि यह हमला उड़ीसा के नौपाड़ा जिले में हुआ है। नक्सलियों ने हमले को उस वक्त अंजाम दिया जब सीआरपीएफ जवान सड़क बनाने के काम में लगे लोगों को सुरक्षा देने के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षा जवानों के ऊपर हमला कर दिया। सीआरपीएफ से मिली सूचना के मुताबिक जवानों के ऊपर यह हमला दोपहर करीब ( शेष पेज 2 पर )

छात्रों के साथ योग के बाद मुख्यमंत्री चौहान का ऐलान

# प्रदेश में बनेगा योग आयोग, स्कूलों में भी मिलेगी शिक्षा

भोपाल (काप्र)।

**विश्व योग दिवस के मौके पर देश के अलग-अलग हिस्सों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री आवास पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने छात्रों के साथ योगाभ्यास किया।**

सीएम ने इस मौके पर देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी है। सीएम ने कहा कि खुद भी योग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सीएम ने आगे कहा कि योग से आप निरोग होंगे और स्वस्थ समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में सहभागी भी बनेंगे। योग दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ आसन लगाने के बाद सीएम ने कहा कि राज्य के स्कूलों में अब योग की शिक्षा भी दी जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इससे छात्रों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही योग आयोग भी बनेगा। सीएम के मुताबिक, आयोग के गठन को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं और जल्द ही यह आयोग अपना काम भी शुरू कर देगा। शिवराज सिंह चौहान ने इस दौरान अपने साथ हुए एक हादसे का जिक्र भी ( शेष पेज 2 पर )

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी चीन के राष्ट्रपति ने भेजा था आमंत्रण

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 जून को पांच देशों के समूह ब्रिक्स के डिजिटल तरीके से आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। चीन मौजूदा वर्ष के लिए समूह के अध्यक्ष के रूप में शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका)

दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों का समूह है। यह समूह वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा शिखर सम्मेलन में ( शेष पेज 2 पर )

# एमपीपीएससी परीक्षा में कश्मीर पर पूछे गए प्रश्न पर नाराजगी, दो एक्सपर्ट ब्लैकलिस्ट

**भोपाल ( काप्र )।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने रविवार को राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए एक पेपर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, दरअसल इसमें एक सवाल था कि क्या कश्मीर को पाकिस्तान को सौंप दिया जाना चाहिए?विवाद के बाद एक्शन लेते हुए एमपीपीएससी ने प्रश्न रद्द कर दिया और साथ ही दो विशेषज्ञों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। इसमें दो विकल्प दिए गए थे। पहला हां, क्योंकि यह भारत के पैसे बचाएगा और दूसरा विकल्प नहीं, क्योंकि इससे और अधिक मांगें उठेंगी। आंसरशीट के मुताबिक दूसरा विकल्प सही जवाब है। एक परीक्षार्थी, नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उत्तर स्पष्ट था। उन्होंने कहा, लेकिन हमें यह सवाल पूछने के पीछे का कारण समझ में नहीं आया। वहीं, विपक्षी कांग्रेस नेता अजय यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कश्मीर को पाकिस्तान को सौंपने के बारे में सोचना भी आपत्तिजनक है। उन्होंने पेपर सेट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा,कश्मीर भारत का गौरव है। यह सोचना भी बेहद आपत्तिजनक है कि यह (कश्मीर को पाकिस्तान को सौंपना) पैसे बच सकता है। यहां तक कि सही जवाब भी आपत्तिजनक है। यह इसी तरह की मांगों को रोकने के बारे में नहीं होना चाहिए (अलगाव के लिए)...भारत के लोगों को बेहतर जीवन दें।कांग्रेस ने मांग की कि विशेषज्ञ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा ब्लैकलिस्ट किए गए एक्सपर्ट में एक महाराष्ट्र और दूसरा मध्य प्रदेश से हैं। एक जांच के आदेश भी दिए गए हैं कि जांच समिति विवादास्पद प्रश्न को देखने में विफल क्यों रही और प्रश्न को रद्द कर दिया गया है। एमपीपीएससी के मीडिया कोऑर्डिनेटर रवींद्र पंचबाई ने कहा, मानदंडों के अनुसार, आयोग विशेषज्ञों के नामों का खुलासा नहीं कर सकता है, लेकिन दो विशेषज्ञों को आजीवन काली सूची में डाल दिया गया है। एमपीपीएससी ने अन्य आयोगों और उच्च शिक्षा विभाग को भी उन्हें ब्लैकलिस्ट करने के लिए लिखा है। हम उन संस्थानों को भी सूचित किया है जहां वे कार्रवाई करने के लिए काम कर रहे हैं।

### राहुल गांधी से पांचवे दिन भी ईडी की पूछताछ जारी, 51 घंटे तक हो चुके हैं सवाल-जवाब

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से ईडी की आज पांचवे दिन भी पूछताछ जारी है। आज कांग्रेस नेता सुबह करीब सवा 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे। इसके बाद सवाल-जवाब का सिलसिला चला। राहुल गांधी करीब सवा आठ बजे ब्रेक के लिए ईडी दफ्तर से निकले और अपने आवास गए। इसके बाद वापस फिर करीब आठ बजकर 45 मिनट पर ईडी ऑफिस पहुंचे। बता दें कि राहुल गांधी से अब तक 51 घंटे की पूछताछ की जा चुकी है। कांग्रेस ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** सोशल मीडिया पर चमकदार तस्वीर पेश करना....

# आजकल युवाओं की आदत बन गई है: उच्च न्यायालय

मुंबई (एजेंसी)।

**बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर खुद की चमकदार तस्वीर पेश करना आजकल युवाओं की आदत बन गयी है, लेकिन इसकी सामग्री हमेशा सच नहीं हो सकती है। अदालत ने इसी के साथ एक व्यक्ति द्वारा उसकी वयस्क बेटी को दी जाने वाली गुजारा राशि में कटौती करने से इनकार कर दिया।**

न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ 16 जून को अनिल मिस्त्री द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बंबई हाईकोर्ट में दायर की गई इस याचिकापरिवार अदालत के उस आदेश में संशोधन की मांग की गई थी, जिसमें मिस्त्री को अपनी बेटी को भरण-पोषण के लिए 25,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। मिस्त्री ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उसकी बेटी पेशे से मॉडल है।

अपने प्रोफेशन की वजह से अपनी सोशल मीडिया पर वो काफी खूबसूरत और आकर्षक फोटोज का इस्तेमाल करती है। इस वजह से लोग उसके सोशल मीडिया प्रोफाइल को देखकर ये समझने लगते हैं कि वह काफी अच्छी कमाई कर रही है। न्यायमूर्ति डांगरे ने हालांकि कहा कि इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई बेटी की तस्वीरें और उसकी 'इंस्टाग्राम बायोग्राफी' यह सिद्ध नहीं करती हैं कि वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र है और उसकी पर्याप्त आय है। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि सोशल मीडिया पर खुद की चमकदार तस्वीरें पोस्ट करनाआज के युवाओं की आदत बन गयी है। हालांकि, इसकी सामग्री हमेशा सच नहीं होती है। उच्च न्यायालय ने परिवार अदालत के आदेश में संशोधन करने से इनकार करते हुए मिस्त्री की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता से अलग होने के बाद उसकी पत्नी ने खुद के लिये और अपने दोनों बच्चों के वास्ते गुजारा भत्ते की मांग करते हुए परिवार अदालत का रुख किया था।